पुलिस भी असली-नकली में अंतर करने में चकराई! बांग्लादेश में बने नोट एक सीरियल नंबर के, बस गवर्नर का नाम गलत

जागरण संवाददाता, अलीगढ़। Aligarh News: कागज में कोई खास अंतर नहीं, बिल्कुल सेम डिजाइन, रंग से लेकर उसके साइज तक यानि हर रंग रूप में असली नोट दिखने वाले इस नकली 500 के नोटों ने फर्जी वेब सीरीज के आर्टिस्ट सनी की याद दिला दी। 10 फरवरी 2023 को आठ एपीसोड में रिलीज हुई इस सीरीज में सनी का किरदार शाहिद कपूर ने निभाया था। उसकी कलाकारी ऐसी थी कि बैंक एक्सपर्ट के अलावा नोट को कोई और नहीं पहचान सकता था।

नोटों में भी बस ये चूक

ये नोट एक ही सीरियल नंबर के थे और दूसरी गलती गवर्नर के नाम को लेकर की गई थी। पुलिस की जांच में इन नोटों को बांग्लादेश में तैयार किया गया बताया जा रहा है। बांग्लादेश के जलाल नाम के व्यक्ति से पकड़े गए गिरोह का सरगना जिकरुल संपर्क में था।

आधे में होता था सौदा

जकरुल इन नोटों का आधे दाम में सौदा करता था और खरीदने के लिए पश्चिम बंगाल के मालदा जाता था। यहां से दिल्ली होते हुए वापस आता था। पूछताछ में उसने दो बार इन नोटों की खरीद किए जाने की बात कबूली है, दूसरी बार वह पखवाड़े भर पहले मालदा गया था।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/aligarh-city-fake-currency-racket-busted-inside-story-bangladesh-madd-notes-error-of-governors-name-23905194.html